कक्षा - 12

स्वतंत्र भारत में राजनीति



1. निम्नलिखित में मेल करें:

(क)	सामाजिक-धार्मिक पहचान के आधार पर राज्य का निर्माण	(i)	नागालैंड/मिजोरम
(ख)	भाषायी पहचान और केन्द्र के साथ तनाव	(ii)	झारखंड/छत्तीसगढ
(ग)	क्षेत्रीय असंतुलन के फलस्वरूप राज्य का निर्माण	(iii)	पंजाब
(घ)	आदिवासी पहचान के आधार पर अलगाववादी मांग	(iv)	तमिलनाडु


उत्तर :

(क) → (iii)

(ख) → (iv)

(ग) → (ii)

(घ) → (i)



2. पूर्वोत्तर के लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति कई रूपों में होती है। बाहरी लोगों के खिलाफ आंदोलन, ज्यादा स्वायत्ता की मांग के आंदोलन और अलग देश बनाने की मांग करना ऐसी ही कुछ अभिव्यक्तियाँ हैं। पूर्वोत्तर के मानचित्र पर इन तीनों के लिए अलग अलग रंग भरिए और दिखाइए कि किस राज्य में कौनसी प्रवृत्ति ज्यादा प्रबल है।

असम
मिजोरम
नागालैंड

उत्तर :


पूर्वोत्तर भारत
चीन
अरुणाचल प्रदेश
सिक्किम
गंगटोक
भूटान
इटानगर
दिसपुर
असम
नगालैंड
कोहिमा
शिलांग
इंफाल
बांग्लादेश
मणिपुर
त्रिपुरा
आइज़ोल
अगरतला
पश्चिम बंगाल
मिज़ोरम
म्यांमार
बंगाल की खाड़ी

3. पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे? क्या ये प्रावधान पंजाब और उसके पड़ौसी राज्यों के बीच तनाव बढ़ाने के कारण बन सकते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए -

उत्तर : पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान :-

- चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जायेगा।
- पंजाब तथा हरियाणा के बीच सीमा-विवाद को सुलझाने के लिए एक अलग आयोग की नियुक्ति होगी।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच रावी-व्यास के पानी के बंटवारे के बारे में फैसला करने के लिए एक ट्रिब्यूयल (न्यायाधिकरण) बैठाया जायेगा।
- पंजाब में उग्रवाद से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जायेगा।
- पंजाब से विशेष सुरक्षा बल अधिनियम को वापस लिया जायेगा।
- चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जायेगा ये प्रावधान पंजाब के पड़ौसी राज्य हरियाणा के साथ विवाद का कारण बन सकता था, इसके अतिरिक्त जल के बंटवारे के लिए न्यायाधीकरण बैठाना तथा सीमा विवाद के लिए नियुक्त आयोग यदि निष्पक्ष निर्णय लेते हैं तो विवाद की संभावना नहीं रहती।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. आनंदपुर साहिब प्रस्ताव के विवादास्पद होने के क्या कारण थे?

उत्तर : आनंदपुर साहिब प्रस्ताव में क्षेत्रीय स्वायत्ता की बात उठायी गयी थी।

- प्रस्ताव के मांगों में केन्द्र राज्य संबंधों को पुनर्परिभाषित करने की बात की गयी थी।
- इस प्रस्ताव में सिक्ख कौम की आंकाक्षाओं पर जोर देते हुए सिक्खों के 'बोलबाला' का ऐलान किया गया था।
- इस प्रस्ताव में एक अलग सिक्ख राष्ट्र की मांग छुपी थी।

5. जम्मू-कश्मीर की अंदरूनी विभिन्नताओं क
व्याख्या कीजिए और बताइए कि इन
विभिन्नताओं के कारण इस राज्य में किस तरह
अनेक क्षेत्रीय आकांक्षाओं ने सर उठाया है।

उत्तर : जम्मू कश्मीर की अंदरूनी विभिन्नताऐं :-

जम्मू-कश्मीर में तीन राजनीतिक एवं
सामाजिक क्षेत्र शामिल हैं -

(जम्मू, कश्मीर और लद्दाख)

कश्मीर घाटी को कश्मीर के दिल के रूप में
देखा जाता है। कश्मीरी बोली बोलने वाले
ज्यादातर लोग मुस्लिम हैं।

- जम्मू क्षेत्र पहाड़ी तलहटी एवं मैदानी इलाके का मिश्रण हैं, जहां हिन्दु, मुस्लिम और सिक्ख यानी कई धर्म और भाषाओं के लोग रहते हैं।
- लद्दाख पर्वतीय इलाका है, जहां बौद्ध एवं मुस्लिम आबादी है, लेकिन ये आबादी बहुत कम है।

क्षेत्रीय आकांक्षाऐं :-

- कश्मीर अलग राष्ट्र बनाने की मांग उठाता था।
- जम्मू और लद्दाख को अपने पिछड़ेपन तथा उपेक्षा की शिकायत है। ये इलाके अपनी अलग स्वायत्ता की मांग करते था।

6. कश्मीर को क्षेत्रीय स्वायत्ता के मामले पर विभिन्न पक्ष क्या है? इनमें कौनसा पक्ष आपको समुचित जान पड़ता है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

उत्तर : कश्मीर की क्षेत्रीय स्वायत्ता के मसले पर विभिन्न पक्ष :-

1. कश्मीर को अलग राष्ट्र बनाया जाये।
2. कश्मीर का विलय पाकिस्तान में कर दिया जाये।
3. भारतीय संघ के भीतर ही कश्मीर को अधिक स्वायत्ता प्रदान की जाये।

7. असम आंदोलन सांस्कृतिक अभियान और आर्थिक पिछड़ेपन को मिली जुली अभिव्यक्ति था। व्याख्या कीजिए।

असम में बड़ी संख्या में आप्रवासियों के आगमन से असम में समस्या पैदा हुई। भारत के दूसरे राज्यों में अथवा किन्हीं अन्य देशों से आये लोगों को जनता रोजगार के अवसरों और राजनीतिक सत्ता के एतबार से प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखती थी। इन्हें भय हुआ कि वे अपने ही क्षेत्र में अल्पसंख्यक हो जायेंगे।

साथ ही असम में तेल, चाय और कोयले जैसे प्राकृतिक संसाधनों की मौजूदगी के बावजूद वहां गरीबी थी। यहां की जनता को लगा कि आप्रवासियों की बढ़ती संख्या उनके सांसाधनों पर बोझ हैं।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

8. हर क्षेत्रीय आंदोलन अलगाववादी मांग की तरफ अग्रसर नहीं होता। इस अध्याय से उदाहरण देकर इस तथ्य की व्याख्या कीजिए।

उत्तर : हर क्षेत्रीय आंदोलन अलगाववादी मांग की तरफ अग्रसर नहीं होता। अक्सर आर्थिक पिछड़ेपन, राजनीति में प्रतिनिधित्व का ना होना, उपेक्षा आदि ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से अलगाववादी आंदोलन उठ खड़े होते हैं, किन्तु जब इनकी समस्याओं का सार्थक समाधान किया जाता है तो ये अलगाव की मांग त्याग देते हैं।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उदाहरण :

- मिजोरम में आजादी की मांग को लेकर सशस्त्र आंदोलन हुआ।
- किंतु सरकार के साथ समझौते के बाद, आज मिजोरम पूर्वोत्तर का सबसे शांतिपूर्ण राज्य है, और उसने कला, साहित्य तथा विकास की दिशा में अच्छी प्रगति की है।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

9. भारत के विभिन्न भागों से उठने वाली क्षेत्रीय मांगों से 'विविधता में एकता' के सिद्धांत की अभिव्यक्ति होती है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? तर्क दीजिए।

उत्तर :

- भारत एक विशाल विविधताओं वाला राष्ट्र है यहां अनेकों तरह की सांस्कृतिक, सामाजिक और भौगोलिक विभिन्नताऐं हैं।
- भारत के अलग अलग भागों में कभी भाषा के आधार पर, कभी धर्म/संस्कृति आदि के आधार पर मांगें उठती रहती हैं।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

इन मांगों को सार्थक तरीके से सुलझाकर राष्ट्र की एकता व अखण्डता हमेशा बनी रहती है। इसलिए कहा जा सकता है कि भारत के विभिन्न भागों से उठने वाली क्षेत्रीय मांगों से 'विविधिता में एकता' के सिद्धांत की अभिव्यक्ति होती है।

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

10. निम्नलिखित अवतरण को पढ़ें और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :

हजारिका का एक गीत ... एकता की विजय पर है। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को इस गीत में एक ही मां की सात बेटियां कहा गया है... मेघालय अपने रास्ते गई .... अरूणाचल भी अलग हुई और मिजोरम असम के द्वार पर दूल्हे की तरह दूसरी बेटी से ब्याह रचाने को खड़ा है ... इस गीत का अंत असमी लोगों की एकता को बनाए रखने के संकल्प के साथ होता है और इसमें समकालीन असम

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

में मौजूद छोटी छोटी कौमों को भी अपने साथ एकजुट रखने की बात कही गयी है... करबी और मिजिंग भाई-बहन हमारे ही प्रियजन है।

(क) लेखक यहां किस एकता की बात कह रहा है?

(ख) पुराने राज्य असम से अलग करके पूर्वोत्तर के कुछ राज्य क्यों बनाए गए?

(ग) क्या आपको लगता है कि भारत के सभी क्षेत्रों के ऊपर एकता की यही बात लागू हो सकती है। क्यों?

ipca
A dose of life

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर :

(क) लेखक यहां पूर्वोत्तर के राज्यों की एकता की बात कर रहा है।

(ख) क्योंकि इन राज्यों के क्षेत्रों ने असमी भाषा थोपने की बात करते हुए आंदोलन किया था इसलिए पुराने असम से अलग करके कुछ राज्य बनाये गये।

(ग) हां, भारत के सभी क्षेत्रों पर एकता की यही बात लागू हो सकती है क्योंकि केवल पूर्वोततर ही नहीं पूरा भारत विविधताओं से परिपूर्ण हैं और इस विविधता में भी भारत एक हैं। एक अनोखी एकता सम्पूर्ण भारत वर्ष में व्याप्त हैं।